तूने आके थाम लिया है

हम भटक रहे मारे मारे दुःख दर्द मुसीबत के हारे,
जिस दिन से तेरा नाम लिया है तूने आके थाम लिया है....

इस जीवन की एक तमन्ना अगला जनम जो पाऊं,
उस जीवन में भी मैं तेरा सेवक बनकर आऊं,
तू बन के चले मेरी परछाई मैंने राह में जब ठोकर खाई,
जिस दिन से तेरा नाम लिया है तूने आके थाम लिया है....

मेरी नैया बीच भवर तूफ़ान खड़ा है आगे,
क्यों घबराऊँ मैं जब बैठा बाबा मेरे सागे,
है गर्दिश में मेरे तारे छाये राहों में अंधियारे,
जिस दिन से तेरा नाम लिया है तूने आके थाम लिया है.....

लाख मुसीबत आये सर पे तूने साथ ना छोड़ा,
अपनों ने मुख मोड़ा लेकिन तूने मुंह ना मोड़ा,
पुष्कर को जान से प्यारा है विशाल का तू ही सहारा है,
मैंने तेरा नाम लिया है तूने आके थाम लिया है,
जिस दिन से तेरा नाम लिया है तूने आके थाम लिया है....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26020/title/tune-aake-thaam-liya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |